483

भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
भागलपुर नगर निगम
कोर्ट कंपाउण्ड, भागलपुर– 812001

NIA No- NIA/BSCL/Townhall/2021/01	Dated 19.02.2021

स्क्रैप सामग्रियों की अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण

भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा वर्तमान में विद्ययमान् टाउन हॉल की पुरानी संरचनाओं से सक्षम प्राधिकार के द्वारा किये गये मूल्याकंन के अनुसार प्राप्त हुयी विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की नीलामी हेतु सीलबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है। सामग्रियों की अनुमानित/मूल्यांकित विवरणी निम्नवत है:–

क्र० सं०	विवरणी	अनुमानित मात्रा
1	लाल ईंट	89,367.00 अदद्
2	लाल ईंट का टुकड़ा	170.00 घनमीटर
3	लकड़ी एवं लोहा का चौखट खिड़की, दरवाजा इत्यादि।	0.53 घनमीटर
4	रद्दी (स्क्रैप) लकड़ी	1,654 किलोग्राम
5	रद्दी (स्क्रैप) लोहा	9,654 किलोग्राम

नीलामी हेतु निविदादाताओं के लिए आवश्यक नियम एंव शर्तें:–

1. उपरोक्त नीलामी "जैसे के वैसी स्थिति में" पर आधारित है।
2. उपरोक्त सामाग्रियों का मूल्याकंन समिति द्वारा निर्धारित मूल्य 9.52 लाख रू० है।
3. सुरक्षित धनराशि के रूप में जमा की जाने वाली राशि कुल प्रस्तावित मूल्य का 10% धनराशि संरक्षित जमा (अग्रधन) के रूप में बैंक ड्राफ्ट निविदादाता को दिनांक– 03.03.2021 को कार्यालय अवधि में अपराहन 5 बजे तक जमा करना होगा। सुरक्षित धनराशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में CEO, Bhagalpur Smart City Limited, Payable at Bhagalpur के पक्ष में देय होगा। सफल निविदादाता को शेष धनराशि दिनांक 08.03.2021 के अपराह्न 5 बजे तक बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। असफल निविदादाता की सुरक्षित धनराशि निविदा प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत वापस कर दी जाएगी। अगर सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि में प्रस्तावित राशि की शेष धनराशि भुगतान नहीं की जाती है तो उनकी सुरक्षित जमा राशि जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम निविदादाता (H2) को उनके द्वारा नीलामी के समय प्रस्तावित राशि पर कार्य आवंटन किया जायेगा एवं इसी प्रकार उक्त प्रक्रिया क्रमशः तृतीय, चतुर्थ निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं के लिए जारी रहेगा।

4. सफल निविदादाताओं को निर्धारित अवधि के भीतर शेष संपूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करने एवं स्मार्ट सिटी के खाते में निकासी हो जाने के तत्काल उपरांत उन्हें कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
5. उच्चतम निविदादाता (H1) को सफल घोषित किया जायेगा।
6. आधार कार्ड एवं पैन कार्ड स्व–अभिप्रमाणित प्रति सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तावित राशि के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर के पास किसी भी समय बिना कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. किसी भी तरह के विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक प्रक्रिया भागलपुर अधिकार–क्षेत्र (Bhagalpur Juridiction) में होगा।
9. नीलामी निविदा से संबंधित मुख्य तिथि निम्नवत हैः–
    - निविदा जमा करने की तिथिः 03.03.2021 अपराह्न 5 बजे तक।
    - निविदा खोले जाने की तिथी एवं समय : 04.03.2021 अपराह्न 1 बजे, स्थानः भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर नगर निगम कोर्ट कंपाउण्ड।
10. सफल निविदादाता को सामाग्रियों के उठाव हेतु पूर्ण Dismantling के 15 दिनों के पश्चात तक का समय दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में सामाग्रियों का उठाव नहीं करने पर प्रस्तावित राशि का 0.05% प्रतिदिन के आधार पर दण्ड देय होगा।

<u>Inspection – 2 days (23.02.2021 and 24.02.2021) (11 am to 4 pm)</u>

इच्छुक फर्म/एजेन्सी/ व्यक्ति सामाग्रियों का निरीक्षण दिनांक– 23.02.2021 एवं 24.02.2021 को 11 बजे पूर्वाहन से 4 बजे अपराह्न तक कर सकते हैं। इसके लिये कार्यालय के दूरभाष संख्या– 06412950296 पर संपर्क कर सकते हैं।

उपस्थित होनेवाले निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे इस सूचना कि हार्ड कॉपी भागलपुर स्मार्ट सिटी के वेबसाइट** www.smartcitybhagalpur.org **से प्राप्त करने के उपरांत विधिवत हस्ताक्षर और सीलबन्द कर अपने प्रस्ताव के साथ भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर के कार्यालय में निविदा बॉक्स में जमा करेंगें।

19/2/21

(प्रफुल्ल चन्द्र यादव)
प्रबंध निदेशक,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर